# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **जीएसटी दरों में कटौती और वोकल फॉर लोकल अभियान के असर से दिवाली पर देशभर में हुआ अब तक का सबसे बड़ा खुदरा व्यापार, छह लाख करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्ज।**
2. **घाटशिला विधानसभा उपचुनाव के लिए 17 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र, नामांकन पत्रों की जांच आज, नाम वापसी की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर को।**
3. **सिमडेगा में दीपावली की रात लूटपाट और मारपीट के मामले में तीन महिलाओं समेत 11 आरोपी गिरफ्तार।**
4. **राज्य में एक बार फिर मौसम में बदलाव की संभावना, मौसम विभाग ने 17 जिलों में गरज के साथ तेज हवाओं को लेकर येलो अलर्ट किया जारी।**
5. **तीसरे एशियन यूथ गेम्स में पूर्वी सिंहभूम के एथलीट हिमांशु कुमार सिंह भारतीय टीम में हुए शामिल।**

********************

जीएसटी दरों में कटौती के कारण भारत के खुदरा क्षेत्र में नवरात्र से दीपावली के बीच इस वर्ष अब तक की सर्वाधिक बिक्री हुई है। इस वर्ष दिवाली के दौरान देशभर में छह लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री हुई हैं। इसमें 5 लाख 40 हजार करोड़ रुपये का वस्तु व्यापार और 65 हज़ार करोड़ रुपये का सेवा व्यापार शामिल है। यह जानकारी कल जारी कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स–कैट की रिपोर्ट में दी गई है। कैट ने बताया है कि उनकी रिसर्च शाखा द्वारा देशभर के 60 प्रमुख वितरण केंद्रों पर किये गये सर्वेक्षण के आधार पर इस रिपोर्ट को तैयार किया गया है जिनमें सभी राज्यों की राजधानियां तथा टियर–2 और टियर–3 शहर शामिल हैं।

********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव की 22 सितंबर से शुरूआत हो चुकी है। इससे समाज के हर वर्ग को लाभ पहुंच रहा है। आज पेश है हमारे संवाददाता की रिपोर्ट जिसमें वह बता रहे हैं कि किस तरह स्टेशनरी के सामान पर जीएसटी की कटौती से आम लोगों को, विशेषकर विद्यार्थियों को मदद मिल रही है। एक रिपोर्ट –

********************

घाटशिला विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सीट पर 11 नवंबर को होने वाले उपचुनाव के लिए कुल 17 उम्मीदवारों ने 30 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। भाजपा से बाबूलाल सोरेन और झामुमो से सोमेश चंद्र सोरेन मुख्य प्रत्याशी हैं, जबकि कई निर्दलीय उम्मीदवार भी मैदान में हैं। रांची में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया कि नामांकन पत्रों की जांच आज की जाएगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर निर्धारित की गई है।

********************

गुमला जिले के दुर्गम क्षेत्रों में आवागमन की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत के 11 नई सड़कों के निर्माण के लिए निविदा की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

********************

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि दिवाली और छठ पर यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए, रेलवे आने वाले दिनों में लगभग सात हजार आठ सौ और विशेष ट्रेनें चलाने की योजना बना रहा है। त्योहारों पर आने वाली भीड़ पर नज़र रखने के लिए वॉर रूम स्थापित किए गए हैं। रेल मंत्री ने कल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का दौरा किया और त्योहारों के दौरान यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जमीनी स्तर पर आकलन किया। इससे पहले उन्होंने रेल भवन वॉर रूम से विशेष ट्रेनों की जानकारी ली और यात्रियों की सुविधा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

********************

रांची के पूर्व विधायक और वरीय अधिवक्ता डॉ. जय प्रकाश गुप्ता को ब्राजील की राजधानी रियो डी जेनेरो में 24 और 25 अक्टूबर को आयोजित होने वाले दसवें ब्रिक्स लीगल फोरम में भारतीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में आमंत्रित किया गया है। ब्रिक्स सम्मेलन के बाद डॉ. गुप्ता अमेरिका के कंसास विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में आदिवासी विषयों पर व्याख्यान देंगे। ब्रिक्स लीगल फोरम ब्रिक्स देशों के बीच कानूनी सहयोग और वैश्विक न्याय प्रणाली को सुदृढ़ करने का प्रमुख मंच है।

********************

सिमडेगा जिले के बाँसजोर ओपी क्षेत्र के एक ढाबे में दीपावली की रात हुई लूटपाट और मारपीट की घटना में पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक एम. अर्शी ने बताया कि सभी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

********************

दुमका जिले में कल हुए चार अलग–अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। दुमका–पाकुड़ रोड पर सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो युवक घायल हुए। उधर जामा थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक 51 वर्षीय महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई, वहीं कोदो गुहियाजोड़ी गांव में तालाब से एक लापता युवक का शव बरामद किया गया। रामगढ़ थाना क्षेत्र में भी एक बाइक सवार की अनियंत्रित होकर दुर्घटना में मौत हो गई।

********************

राज्य में एक बार फिर मौसम में बदलाव की संभावना है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार अगले कुछ दिनों तक रांची, खूंटी, गुमला, हजारीबाग और रामगढ़ जैसे मध्यवर्ती जिलों में मौसम साफ रहेगा और तापमान सामान्य रहेगा। वहीं, बंगाल की खाड़ी में कम दबाव के क्षेत्र बनने के कारण राज्य के मौसम में फिर से बारिश के नए दौर की संभावना है। मौसम विभाग ने झारखंड के 17 जिलों में 24 अक्टूबर को गर्जन के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 30 से 40 किमी प्रति घंटे की तेज हवा चलने की संभावना जताई है और येलो अलर्ट जारी किया है।

********************

पूर्वी सिंहभूम के एथलीट हिमांशु कुमार सिंह को बहरीन में आयोजित हो रहे तीसरे एशियन यूथ गेम्स में भारतीय टीम में शामिल किया गया है। वे 24 अक्टूबर को ऊंची कूद स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। झारखंड एथलेटिक्स संघ और राज्य के खेल अधिकारियों ने हिमांशु को उनके प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

********************

## और अब अखबारों की सुर्खियां

रांची से प्रकाशित विभिन्न अखबारों ने अलग अलग खबरों को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है बिहार विधानसभा चुनाव से पीछे हटा झामुमो, कहा– राजद व कांग्रेस की धूर्तता का शिकार हो गया।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है झारखंड के  सात हजार तीन सौ तीस सहायक आचार्य को छह को मुख्यमंत्री सौंपेंगे नियुक्ति पत्र।

**हिन्दुस्तान** के शब्द हैं झारखंड के शहरों में तीन गुना तक बढ़ा वायु प्रदुषण।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है सासाराम के राजद प्रत्याशी को गढ़वा पुलिस ने बैंक वाहन से लूट मामले में किया गिरफ्तार।

*******समाप्त*************